# हिटमैन शीर्ष पर बरकरार

**विराट कोहली दूसरे स्थान पर**

**राहुल और कुलदीप की रैंकिंग में छलांग**

**अक्षर पटेल गेंदबाजी में 13वें स्थान पर**

**टेस्ट में स्टार्क की टॉप-3 में एंट्री**

**दुबई 10 दिसंबर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली आईसीसी एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ओर से जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार कोहली की रैंकिंग में दो स्थान का सुधार हुआ और वह रैंकिंग में अब केवल रोहित शर्मा से पीछे हैं। रोहित ऑस्ट्रेलिया दौरे पर एक शतक और एक अर्धशतक लगाने के बाद पहली बार एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे थे और वह अभी भी शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं। रोहित ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में कुल 146 रन बनाए। कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो शतक और एक अर्धशतक के साथ 302 रन बनाए थे और उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया था। इस समय शीर्ष 10 बल्लेबाज़ी रैंकिंग में रोहित और कोहली के अलावा शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर भी मौजूद हैं। गिल पांचवें स्थान पर जबकि अय्यर 10वें स्थान पर हैं। के एल राहुल की भी रैंकिंग में दो स्थान का सुधार हुआ है और वह अब 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि कुलदीप यादव वनडे गेंदबाज़ी रैंकिंग में तीन स्थान के सुधार के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। साउथ अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक, ऐडन मार्करम और टेम्बा बावुमा ने भी अपनी रैंकिंग में सुधार दर्ज किया है। डेवॉल्ड ब्रेविस, जिन्होंने अपने पहले ही मैच में शानदार अर्धशतक लगाया, सीधे टॉप-10 में पहुंच गए और अब आठवें नंबर पर हैं। उनकी यह तेज़ चढ़ाई दुनिया के सामने उनके टैलेंट का बड़ा संकेत है। टेस्ट रैंकिंग की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया के तेज़ गेंदबाज़ मिचेल स्टार्क ने तीन पायदानों की छलांग लगाई और अब तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।



### अक्षर, अर्शदीप और जसप्रीत की रैंकिंग में भी सुधार

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी-20 के बाद अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह की गेंदबाजी रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। अक्षर दो स्थान के सुधार 13वें, अर्शदीप तीन स्थान के सुधार के साथ 20वें और बुमराह छह स्थान के सुधार के साथ 25वें स्थान पर पहुंचे हैं। वहीं डेवाल्ड ब्रेविस तीन स्थान के सुधार के साथ टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में आठवें स्थान पर पहुंचे हैं। ऐशेज में लगातार दो टेस्ट मैच में प्लेयर ऑफ द मैच रहे मिचेल स्टार्क तीन स्थान की छलांग साथ टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं जो कि अब तक के उनके टेस्ट करियर में उनकी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। स्टार्क ने ऐशेज के पहले दो टेस्ट में कुल 18 विकेट लिये थे।

# दिनेश कार्तिक स्पिरिट से जुड़े

## द हंड्रेड में बल्लेबाजी कोच और मेन्टॉर नियुक्त किया



**लंदन 10 दिसंबर, द हंड्रेड की फ्रेंचाइज़ी लंदन स्पिरिट ने पूर्व भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज़ दिनेश कार्तिक को अपनी पुरुष टीम का मेंटॉर और बल्लेबाज़ी कोच नियुक्त किया है।**

**▸ लाड्र्स लौटने पर भावुक हुए कार्तिक**

क्रिकेट के छोटे प्रारूपों में अपनी तेज़ सोच, मैच सेंस और आधुनिक बल्लेबाज़ी के लिए पहचाने जाने वाले कार्तिक के शामिल होने से टीम की रणनीति और तैयारी को बड़ा बल मिलने की उम्मीद है।

हाल ही में कार्तिक ने इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के साथ 2025 सीज़न के लिए बल्लेबाज़ी कोच और मेंटॉर की भूमिका निभाई थी। उनके अनुभव और समझ ने आरसीबी के सेट-अप को नई दिशा दी थी। अब लंदन स्पिरिट ने भी उन पर भरोसा जताते हुए अपनी पुरुष टीम का हिस्सा बनाया है।

> कार्तिक ने स्पिरिट से जुड़ने पर खुशी जताते हुए कहा कि यह उनके करियर का बेहद भावनात्मक पड़ाव है, क्योंकि लॉर्ड्स उनके लिए हमेशा बहुत खास रहा है। उन्होंने कहा 'लंदन स्पिरिट से जुड़कर मैं बहुत उत्साहित हूं। जब मुझे मो, एमसीसी और टेक टाइटन्स की योजनाओं के बारे में पता चला तो मेरा उत्साह और बढ़ गया। इंग्लिश समर को लॉर्ड्स में काम करते हुए बिताना किसी सपने के सच होने जैसा है। यही मैदान है जहां मैंने भारत के लिए डेब्यू किया था और यहीं अपना आखिरी टेस्ट खेला। लॉर्ड्स मेरे दिल के बेहद करीब है। मैं अगले साल टीम और कुछ विश्वस्तरीय खिलाड़ियों के साथ काम करने का इंतज़ार नहीं कर सकता।'

## शूटिंग लीग ऑफ इंडिया 16 फरवरी से

**नयी दिल्ली, 10 दिसंबर** अगले साल 16 फरवरी से शुरु होने वाली बहुप्रतीक्षित शूटिंग लीग ऑफ इंडिया में कई शीर्ष भारतीय और अंतरराष्ट्रीय एथलीट विभिन्न स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगे। अगले साल 16 से शुरु होगी।

आज यहां आईएसएसएफ के 2026 के कैलेंडर के अनुसार 16 से 26 फरवरी तक चलने वाली लीग की तीरीखों की बुधवार को घोषणा की गई। इस प्रतियोगिता में पिस्टल (10मी, 25मी), राइफल (10मी, 50मी थ्री पोजीशन), और शॉटगन (ट्रैप और स्कीट) कैटेगरी में मिश्रित टीम स्पर्धाएं होंगी। फ्रेंचाइजी-आधारित टीमों को लीग चरण के लिए दो पूल में बांटा जाएगा, जिसके बाद नॉकआउट राउंड होंगे। खिलाड़ियों को चार टियर में बांटा गया है: एलीट चैंपियंस, वर्ल्ड एलीट, नेशनल चैंपियंस, और जूनियर और यूथ, जो अंतरराष्ट्रीय सितारों, शीर्ष भारतीय निशानेबाजों और उभरती प्रतिभाओं का संतुलित मिश्रण देखने को मिलेगा।

**▸ 26 फरवरी तक चलेगी लीग**



# भारत ने उरुग्वे को हराया

**सैंटियागो (चिली), 10 दिसंबर भारत ने आखिरी सेकंड में बराबरी करने के बाद उरुग्वे को एफआईएच हॉकी जूनियर महिला वर्ल्ड कप 2025 के 9/12 क्लासिफिकेशन मैच में 1-1 से ड्रॉ के बाद शूटआउट में 3-1 से हराया।**

भारत के लिए मनीषा ने (19वें) ने भारत के लिए गोल किया, जिसके बाद जस्टिना अर्रेगुई ने (60वें) मिनट सिर्फ दो सेकंड बाकी रहते पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदला, जिससे सेंट्रो डेपोर्टिवो डे हॉकी सेस्पेड, एस्टाडियो नैशनल में मैच शूटआउट में चला गया। भारत ने मैच की शुरुआत से ही गेंद पर कब्जा बनाए रखा, जल्दी दबाव बनाया और कई बार सर्कल में एंट्री की। हालांकि, उरुग्वे को पांचवें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन वे उसे भुना नहीं पाये। भारत ने 18वें मिनट में एक अच्छे पेनल्टी-कॉर्नर वेरिएशन के साथ जवाब दिया, लेकिन साक्षी राणा का शॉट ब्लॉक हो गया। अगले ही मिनट में मनीषा ने दूर से एक जोरदार गोल करके भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। पहले हाफ में भारतीयों ने 11 सर्कल पेनिट्रेशन किए, जबकि उरुग्वे ने डिफेंसिव शेल में गहरी पकड़ बना ली थी। ब्रेक के बाद भी यही पैटर्न जारी रहा, उरुग्वे ने आखिरी मिनटों में अपने गोलकीपर को हटाकर एक एक्स्ट्रा आउटफील्ड प्लेयर को शामिल किया, और यह कदम बहुत फायदेमंद रहा। दो सेकंड बाकी रहते, उन्हें एक पेनल्टी स्ट्रोक मिला, जिसे अर्रेगुई ने शांति से गोल में बदलकर स्कोर 1-1 कर दिया।

**▸ आखिरी सेकंड में बराबरी करने के बाद शूटआउट में पराजित किया**

> शूटआउट में भारत ने हिम्मत नहीं हारी। पूर्णिमा यादव, इशिका और कनिका सिवाच ने गोल किए, जबकि गोलकीपर निधि ने उरुग्वे को तीन बार गोल करने से रोका, जिससे 3-1 से जीत पक्की हो गई और भारत 9वें/10वें स्थान के प्लेऑफ में पहुंच गया। भारत का अगला मुकाबला गुरुवार को अपने आखिरी क्लासिफिकेशन मैच में स्पेन से होगा।

# भारत 2026 में चार एटीपी चैलेंजर टूर टूर्नामेंट की करेगा मेजबानी

**नयी दिल्ली 10 दिसंबर भारत 2026 में चार एटीपी चैलेंजर टूर टूर्नामेंटों की मेजबानी करेगा। यह टेनिस टूर्नामेंट बेंगलुरु, चेन्नई, नई दिल्ली और पुणे में खेले जायेंगे।**

भारत ने पिछले दो सालों में भी हर साल चार एटीपी चैलेंजर टूर टूर्नामेंट आयोजित किए थे। आने वाले साल के लिए इनमें से दो स्टॉप को डाउनग्रेड कर दिया गया है, चेन्नई एटीपी 100 से एटीपी 50 इवेंट में आ गया है, जबकि पुणे का महा ओपन एटीपी 100 से 75 हो गया है। बेंगलुरु ओपन के साथ पांच जनवरी को सीजन की शुरुआत होगी। चेन्नई ओपन नौ फरवरी को होगा, इसके बाद 16 फरवरी को दिल्ली ओपन (एटीपी 75) तथा 23 फरवरी को पुणे में महा ओपन होगा। भारत सात से आठ फरवरी को बेंगलुरु में डेविस कप क्वालिफायर में नीदरलैंड्स का भी सामना करेगा और इस साल आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर और डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट की मेजबानी कर सकता है।

**▸ बेंगलुरु, चेन्नई, नई दिल्ली और पुणे में खेले जाएंगे टेनिस टूर्नामेंट**

# न्यू चंड़ीगढ़ में बढ़त दोगुनी करने उतरेगा भारत

## भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा टी-20 आज

**न्यू चंड़ीगढ़ 10 दिसंबर कटक में पहला मुकाबला जीतने के बाद भारत गुरुवार को न्यू चंडीगढ़ में अपनी बढ़त को दोगुना करने तथा दक्षिण अफ्रीका मैच जीतकर सीरीज में बराबरी करने के इरादे से उतरेगा।**

भारत को पहले मैच में मिली 101 शानदार जीत को देखते हुए प्लेइंग इलेवन में कोई बदलाव नहीं करना चाहेगी। हालांकि, शीर्षक्रम के बल्लेबाज खासकर शुभमन गिल और सूर्यकुमार यादव फॉर्म प्राप्त करना करने उतरेंगे। वहीं गेंदबाजी में एक बार फिर अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह से उम्मीद होगी। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों ने पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में काफी निराश किया था। ऐसे में वह दूसरे मैच में बेहतर प्रदर्शन करते हुए वापसी करना चाहेगा। अगर दक्षिण अफ्रीका को यह मुकाबला जीतना है तो क्विंटन डिकॉक और एडन मारक्रम जैसे अनुभवी बल्लेबाजों को बड़ा स्कोर करना होगा। परिस्थिति को देखते हुए भारत अपने एकादश में बदलाव कर सकता है। अगर पिच सूखी रहती है तो भारत अर्शदीप सिंह की जगह कुलदीप यादव को एकादश में शामिल कर सकता है.

### इस प्रकार हैं टीमें...

**भारत संभावित एकादश-** अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती और जसप्रीत बुमराह।

**दक्षिण अफ्रीका संभावित एकादश-** क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), एडन मारक्रम (कप्तान), ट्रिस्टन स्टब्स, डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, डॉनोवन फरेरा, मार्को यानसन, लुथो सिपामला/कॉर्बिन बॉश/जॉर्ज लिंडे, केशव महाराज, लुंगी एन्गिडी और एनरिच नॉर्किया

# लक्ष्मण पब्लिक स्कूल और अमेरिकन एडु ग्लोबल स्कूल जीते

**नयी दिल्ली, 10 दिसंबर** 2025 डीसी स्कूल कप के तीसरे दिन लक्ष्मण पब्लिक स्कूल ने जीडी गोयनका वसंत विहार को 10 विकेट से और अमेरिकन एडु ग्लोबल स्कूल ने सेंट मार्क स्कूल को 42 रनों से जीत दर्ज की।

पहले मैच में, लक्ष्मण पब्लिक स्कूल ने जीडी गोयनका वसंत विहार के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। नई पिच पर पहले गेंदबाजी करने का फैसला करते हुए, लक्ष्मण पब्लिक स्कूल के गेंदबाजों ने परिस्थितियों का फायदा उठाया और जीडी गोयनका को सिर्फ 62 रनों पर ढेर कर दिया। शौर्य मेंदिरत्ता ने 6 रन देकर 4 विकेट लेकर गेंदबाजी की कमान संभाली, जिसमें कप्तान आर्यन कपूर और रुविक मल्होत्रा ने 2-2 विकेट लेकर उनका साथ दिया। छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए, लक्ष्मण पब्लिक स्कूल ने 6.5 ओवर में बिना कोई विकेट खोए आसानी से जीत हासिल कर ली, जिसमें रुविक मल्होत्रा ने 23 गेंदों में तेज 45 रन बनाकर टॉप स्कोर किया। दिन दूसरे मैच में अमेरिकन एडु ग्लोबल स्कूल ने ओपनर गोलू डांगी के 44 गेंदों में आक्रामक 85 रनों की पारी और अंश चौधरी के 50 गेंदों में 55 रनों की स्थिर पारी की मदद से 169 रन बनाए। हालांकि वंश अरोड़ा के 3/28 ने सेंट मार्क स्कूल के लिए कुल स्कोर को सीमित करने में महत्वपूर्ण सफलता दिलाई, लेकिन लक्ष्य का पीछा करते समय उनकी टीम का संघर्ष कमजोर पड़ गया। वंश अरोड़ा ने 43 गेंदों में 59 रन बनाकर वापसी की कोशिश की, लेकिन 42 रन की हार को नहीं रोक पाए, क्योंकि शुभ तोमर, वत्सल और दक्ष कौशिक ने 2-2 विकेट लेकर सेंट मार्क की टीम को 126 रन पर ऑल आउट कर दिया।

### काजुमा काटो स्टैफोर्ड जापान की करेंगे मेजबानी

**टोक्यो 10 दिसंबर.** कजुमा काटो-स्टैफोर्ड जनवरी-फरवरी 2026 में नामीबिया और जिम्बाब्वे में होने वाले पुरुषों के अंडर-19 विश्व कप के लिए जापान के कप्तान बने रहेंगे। हाल ही में एशियन क्रिकेट काउंसिल प्रीमियर कप में नहीं खेलने वाले पूर्व कप्तान निखिल पोल और ऑलराउंडर टिमोथी मूर की टीम में वापसी हुई हैं। प्रीमियर कप में, जापान का प्रदर्शन मालदीव के खिलाफ अच्छा रहा। उन्होंने मलेशिया और कतर को हराया, लेकिन ओमान से हारने के कारण वे सेमीफाइनल में जगह नहीं बना पाए थे। निहार परमार ने मालदीव के खिलाफ 132 गेंदों में 156 रन बनाए और काइसेई कोबायाशी-डॉगगेट ने कतर के खिलाफ 73 गेंदों में 106 रन बनाए, दोनों विश्व कप टीम में हैं।

# देविका घोरपड़े ने 52 किग्रा वर्ग में जीता स्वर्ण

## महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी की भारती ने 45-48 किग्रा वर्ग में जीता रजत

**भरतपुर, 10 दिसंबर यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान (केआईयूजी) 2025 की मुक्केबाजी प्रतियोगिता में महाराष्ट्र की सवित्रीबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी की देविका सत्यजीत घोरपड़े ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए महिलाओं के 52 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता तथा हरियाणा की महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी की प्रतिनिधि भारती ने महिलाओं के (45-48 किग्रा) भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया।**

**▸ यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान 2025**

दोनों एथलीट बिल्कुल अलग सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमियों से आती हैं। 23 वर्षीय भारती के पिता ईंट-भट्टे में काम करते हैं और रोजाना 250-300 रुपये कमाते हैं। वहीं देविका के पिता का अपना निर्माण व्यवसाय है। लेकिन इन दोनों में एक समान बात है और वह अपना संघर्ष, अपनी लगन और भारत का प्रतिनिधित्व करने का सपना है।

> भारती का मानना है कि छोटे स्तर पर मिलने वाली आर्थिक मदद खिलाड़ियों की राह बहुत आसान कर सकती है। उन्होंने कहा, 'हम जैसे बैकग्राउंड से आने वाले खिलाड़ी शुरुआत में बुनियादी चीज़ों के लिए भी संघर्ष करते हैं। हमे सामान, डाइट, रहने की सुविधा कुछ भी आसानी से नहीं मिलता। अगर हालात बदलने का कोई चमत्कार न हो, तो प्रदर्शन भी प्रभावित होता है और हौसला भी। हमें सिर्फ थोड़ी मदद मिल जाए, तो हम बहुत बेहतर कर सकते हैं।

> 'देविका का कहना है, 'मेरा लक्ष्य सीनियर नेशनल्स है। अगर मैं वहां जीत जाती हूं, तो अगले साल ग्लासगो में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों और जापान में होने वाले एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर सकती हूं। खेलो इंडिया हमारे जैसे खिलाड़ियों के लिए बहुत अच्छे प्रतिस्पर्धात्मक अवसर देता है।'

# अगले साल मार्च में खो-खो की मेजबानी करेगा भारत

**नयी दिल्ली, 10 दिसंबर** भारत की मेजबानी में अगले साल नौ से 14 मार्च तक पहली कॉमनवेल्थ खो खो चैंपियनशिप खेली जायेगी। इस चैंपियनशिप में 24 से अधिक कॉमनवेल्थ देशों के हिस्सा लेने की उम्मीद है।

**▸ स्पर्धा में 24 से अधिक देशों के भाग लेने की उम्मीद**

कॉमनवेल्थ स्पोर्ट ने भारत में 2026 कॉमनवेल्थ खो खो चैंपियनशिप के आयोजन को मंजूरी दी है। इस चैंपियनशिप में पांच महाद्वीपों यूरोप, अफ्रीका, एशिया, ओशिनिया और अमेरिका हिस्सा लेंगे। इस साल जनवरी में नयी दिल्ली में हुए पहले खो खो वर्ल्ड कप में छह महाद्वीपों के 23 देशों (20 पुरुष टीमें और 19 महिला टीमें) ने हिस्सा लिया था। यह भारत में होने वाली पहली कॉमनवेल्थ खो खो प्रतियोगिता है। चैंपियनशिप में 16 पुरुष और 16 महिला टीमें होंगी, और यह पहले खो खो वर्ल्ड कप की तरह ही दोनों कैटेगरी में एक साथ आयोजित किया जायेगा। खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव उपकार सिंह विर्क ने कहा, अहमदाबाद में 2030 में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स से पहले, हमें उम्मीद है कि यह चैंपियनशिप दोहा एशियन गेम्स (2030), कॉमनवेल्थ गेम्स (2030) और ब्रिस्बेन ओलंपिक्स (2032) में खो खो को शामिल करने की दिशा में एक कदम साबित होगी.

**वेलिंगटन टेस्ट ▸ न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट के पहले दिन वेस्टइंडीज को 205 पर समेटा, स्टंप्स तक बिना विकेट गंवाए बनाए 25 रन**

# वेस्टइंडीज की मजबूत शुरूआत को ब्लेयर और माइकल ने ढहाया

**टिकनर ने 4, माइकल ने 3 विकेट झटके**

**कॉन्वे-लेथम ने की स्थिर ओपनिंग**

**वेलिंगटन 10 दिसंबर,** न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के पहले दिन मेजबान टीम ने गेंद और बैट दोनों से अपने इरादे साफ कर दिए। ब्लेयर टिकनर और माइकल रे की शानदार गेंदबाज़ी के दम पर न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को पहली पारी में सिर्फ 205 रन पर रोक दिया।

इसके जवाब में न्यूजीलैंड ने स्टंप्स तक बिना किसी नुकसान के 25 रन बना लिये। डेवन कॉन्वे 16 रन पर नाबाद हैं, जबकि कप्तान टॉम लेथम 7 रन बनाकर क्रीज़ पर टिके हुए हैं। पहले दिन का खेल पूरी तरह न्यूजीलैंड के नाम रहा।

टॉस न्यूजीलैंड ने जीता और पिच की शुरुआती नमी को देखते हुए गेंदबाज़ी करने का फैसला किया। निर्णय बिल्कुल सही साबित हुआ। वेस्टइंडीज भले शुरुआत में थोड़ा संभला हुआ दिखा हो, लेकिन जैसे ही टिकनर और माइकल ने अपनी लय पकड़ी—पूरी विंडीज़ लाइनअप खुलकर टिक नहीं पाई। विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे और साझेदारियाँ लंबे समय तक टिक नहीं सकीं। अच्छी शुरुआत के बाद गिरते विकेटों ने बिगाड़ा हाल सुबह के सत्र में वेस्टइंडीज ने अपेक्षाकृत अच्छी शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज़ जॉन कैंपबेल और ब्रैंडन किंग ने मिलकर पहले विकेट के लिए 66 रन जोड़े। दोनों बल्लेबाजों ने धैर्य और सटीक शॉट सिलेक्शन दिखाते हुए शुरुआती ओवरों की स्विंग गेंदबाज़ी का सामना किया। ऐसा लग रहा था कि विंडीज़ इस बार मजबूत टोटल की ओर कदम बढ़ाएंगे, लेकिन 17वें ओवर ने मैच की दिशा बदल दी। ब्लेयर टिकनर, जो शुरू से ही अच्छा नियंत्रण दिखा रहे थे, अचानक और घातक हो गए। उन्होंने 17वें ओवर में ब्रैंडन किंग को एलबीडब्ल्यू कर साझेदारी तोड़ी। किंग 33 रन बनाकर आउट हुए। इसके दो ओवर बाद—19वें ओवर में—टिकनर ने केवम हॉज को बिना खाता खोले पवेलियन भेज दिया।

